# कार्यालयः अंचल अधिकारी, कटकमदाग (हजारीबाग)

## विविध वाद

अभिलेख संख्या 08 /24-25

चान्दो देवी उर्फ चंदवा देवी पति–बनसी रविदास मौजा–सिमरिया

| दिनांक | आदेश | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 27.03.2025 | चांदो देवी उर्फ चंदवा देवी पिता–मोहन राम पति–बन्सी रविदास मौजा–चंदौली, थाना–बड़कागाँव हाल निवास स्थान ग्राम+पोस्ट–सुलताना थाना–कटकमदाग के द्वारा आवेदन के साथ केवाला एवं वर्ष 1992–93 का लगान रशीद एवं आवेदक का आधार, जाति, आवासीय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए बतलाया गया था कि आवेदक के नाम से मौजा– सिमरिया खाता संख्या–23 प्लॉट संख्या–191 प्लॉट संख्या–452 रकवा–01 एकड़ की जमाबंदी मैनुअल एवं ऑनालईन पंजी–2 के भाग संख्या–1 पृष्ठ संख्या–51 पर कायम है, परन्तु ऑनलाईन पंजी–2 में चान्दो देवी के साथ बीबी सरीफन के नाम से भी जमाबंदी प्रदर्शित हो रही ह, जो दोहरी जमाबंदी के अन्तर्गत है । संबंधित राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक से जमाबंदी से संबंधित जाँच प्रतिवेदन की मांग करें ।<br>अभिलेख दिनांक 16.04.25 को रखें ।<br>अंचल अधिकारी,<br>कटकमदाग | |
| 16.04.25 | **अभिलेख उपस्थापित**<br>संबंधित राजस्व उप निरीक्षक –सह– प्रभारी अंचल निरीक्षक कटकमदाग के द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था, जो निम्नवत् है –<br>1. खतियान के अनुसार मौजा– सिमरिया अन्तर्गत खाता संख्या–23 बकास्त खाते की भूमि है ।<br>2. हाल पंजी II का भोल्युम I पृष्ठ संख्या–51 पर चान्दो देवी पति–बंशी राम एवं बीबी सरीफन के नाम खाता संख्या–23 रकवा–01 एकड़ वो खाता संख्या–01 रकवा–01 एकड़ की दोहरी जमाबंदी कायम है ।<br>3. तकरारी जमाबंदी में चान्दो देवी के जमाबंदी को यथावत रखते हुए बीबी सरीफन की जमाबंदी को अन्य Page/Vol में स्थानांतरित करने हेतु अनुशंसा की गई है।<br>विवाद रहित सुधार के निमित आम–इश्तेहार निर्गत करते हुए दिनांक 06.05.25 तक आपति की मांग करें ।<br>अभिलेख दिनांक 07.05.25 को रखें ।<br>अंचल अधिकारी,<br>कटकमदाग | |

Scanned with CamScanner

| दिनांक | आदेश | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 7.05.2025 | अभिलेख उपस्थापित<br>निर्धारित तिथि तक किसी भी रैयत के द्वारा आपति प्रस्तुत नही किया गया है ।<br>आदेश हेतु अभिलेख उपस्थापित करें ।<br>07/05/25<br>अंचल अधिकारी,<br>कटकमदाग<br>**आदेश**<br>राजस्व उप निरीक्षक–सह–प्रभारी अंचल निरीक्षक कटकमदाग के अनुशंसा एवं आम–इस्तेहार के पश्चात निर्धारित तिथि तक दावा आपति प्राप्त नही होने के आधार पर मौजा– सिमरिया अन्तर्गत चान्दो देवी पति–बन्सी राम के नाम से जमाबंदी पृष्ठ 51/1 पर खाता संख्या–23 रकवा–01 एकड़ की कायम जमाबंदी को यथावत रखते हुए बीबी सरीफन के नाम से खाता संख्या–01 रकवा–01 एकड़ भूमि अन्य भाग संख्या एवं पृष्ठ संख्या पर स्थानांतरित करने की स्वीकृति प्रदान करते हुए वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।<br>लेखापित एवं सत्यापित<br>07/05/25<br>अंचल अधिकारी,<br>कटकमदाग<br>07/05/25<br>अंचल अधिकारी,<br>कटकमदाग | |

Digitally signed by BIJAY KUMAR MAHATO
Date: 2025.07.16 15:57:30 +05:30
Location: 192.168.223.100

Scanned with CamScanner